मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल डाक परिमंडल, के पत्र क्रमांक 22/153, दिनांक 10-1-06 द्वारा पूर्व भुगतान योजनान्तर्गत डाक व्यय की पूर्व अदायगी डाक द्वारा भेजे जाने के लिए अनुमत.

पंजी. क्रमांक भोपाल डिवीजन
म. प्र.-108-भोपाल-09-11.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 13] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 26 मार्च 2010—चैत्र 5, शक 1932

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुर:स्थापित विधेयक,
(ख)(1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 10 मार्च 2010

क्र. ई-5-395-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री एम. एम. उपाध्याय, आयएएस., राहत आयुक्त एवं पदेन प्रमुख-सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व एवं पुनर्वास विभाग तथा पुनर्वास आयुक्त को दिनांक 2 से 10 मार्च 2010 तक नौ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री एम. एम. उपाध्याय को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न राहत आयुक्त एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व एवं पुनर्वास विभाग तथा पुनर्वास आयुक्त के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री एम. एम. उपाध्याय को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एम.एम. उपाध्याय अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 15 मार्च 2010

क्र. ई-5-666-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री व्ही. एस. निरंजन, आयएएस., प्रबंध संचालक, राज्य कृषि उद्योग विकास निगम, भोपाल को दिनांक 24 मई से 5 जून 2010 तक तेरह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है उक्त अवकाश के साथ दिनांक 23 मई एवं 6 जून 2010 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2010.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री व्ही. एस. निरंजन को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रबंध संचालक, राज्य कृषि उद्योग विकास निगम, भोपाल के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री व्ही. एस. निरंजन को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री व्ही. एस. निरंजन अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अवनि वैश्य, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 6 मार्च 2010

क्र. एफ 3-3-2010-एक-4.—राज्य शासन, ईद-उल-फितर दिनांक 9 सितम्बर 2010 गुरुवार एवं ईद-उल-अद्हा दिनांक 16 नवम्बर 2010 मंगलवार को प्रदेश के शासकीय कार्यालयों तथा संस्थाओं के लिये ऐच्छिक अवकाश घोषित करता है.

उक्त ऐच्छिक अवकाश को इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-3-3-2009-एक-4, दिनांक 6 नवम्बर 2009 के अनुक्रम में ऐच्छिक अवकाश की सूची में सम्मिलित किया जाता है. यहां यह भी स्पष्ट किया जाता है कि प्रत्येक शासकीय सेवक को वर्ष 2010 में घोषित ऐच्छिक अवकाशों में से केवल तीन दिन का अवकाश लेने की पात्रता होगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. डी. साहू, अपर सचिव.

भोपाल, दिनांक 4 मार्च 2010

क्र. ई-5-723-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री मनीष सिंह, आयएएस., तत्कालीन कलेक्टर, जिला नरसिंहपुर को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 18 जून 2009 द्वारा दिनांक 22 से 27 जून 2009 तक छ: दिन के स्वीकृत एक्स-इंडिया अर्जित अवकाश के अनुक्रम में दिनांक 28 से 30 जून 2009 तक तीन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाशकाल में श्री मनीष सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

भोपाल, दिनांक 9 मार्च 2010

क्र. ई-5-787-आयएएस-लीव-5-एक..—(1) श्रीमती राजकुमारी खन्ना, आयएएस., उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग को दिनांक 11 जनवरी से 4 फरवरी 2010 तक पच्चीस दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती राजकुमारी खन्ना को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती राजकुमारी खन्ना को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती राजकुमारी खन्ना, अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करती रहतीं.

भोपाल, दिनांक 12 मार्च 2010

क्र. ई-5-689-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री उमाकांत उमराव, आयएएस., तत्कालीन कलेक्टर, जिला छतरपुर को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 28 जनवरी, 2009 द्वारा दिनांक 27 जनवरी से 7 फरवरी 2009 तक बारह दिन के स्वीकृत अर्जित अवकाश में आंशिक संशोधन करते हुए अब उन्हें दिनांक 31 जनवरी से 7 फरवरी 2009 तक आठ दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाशकाल में श्री उमराव को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

क्र. ई-5-372-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) डॉ. पुखराज मारू, आयएएस., विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी-सह-कमिश्नर, भोपाल संभाग, भोपाल को दिनांक 22 फरवरी से 2 मार्च 2010 तक नौ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर डॉ. पुखराज मारू को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक, स्थानापन्न विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी-सह-कमिश्नर, भोपाल संभाग, भोपाल के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में डॉ. पुखराज मारू को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि डॉ. पुखराज मारू अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 15 मार्च 2010

क्र. ई-5-475-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री रजनीश वैश, भाप्रसे विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी-सह-आयुक्त (फील्ड), नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, इन्दौर को दिनांक 6 से 10 मार्च 2010 तक पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री रजनीश वैश को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी-सह-आयुक्त (फील्ड), नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, इन्दौर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री रजनीश वैश को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री रजनीश वैश अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-739-आयएएस-लीव-5-एक.—श्री हीरालाल त्रिवेदी, आयएएस., कमिश्नर, शहडोल संभाग शहडोल को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 5 फरवरी 2010 द्वारा दिनांक 15 से 19 फरवरी 2010 तक पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया था. स्वीकृत अर्जित अवकाश का उपभोग नहीं किये जाने के कारण एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. एस. सावनेर, अवर सचिव.

जेल विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 4 मार्च 2010

क्र. एफ. 6-16-2002-3-जेल.—जेल प्रिजन्स एक्ट, 1894 की धारा (3) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, नीलम पार्क, जहांगीराबाद, भोपाल एवं यादगार शाहजानी पार्क, भोपाल को दिनांक 22 फरवरी से 26 मार्च 2010 तक के लिए अस्थाई जेल घोषित करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ललित दाहिमा, उपसचिव.

आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 6 मार्च 2010

क्र. एफ. 23-02-2004-4-पच्चीस (पार्ट).—इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 14 जुलाई 2009 द्वारा राज्य अनुसूचित जाति सलाहकार मण्डल का पुनर्गठन किया गया था. राज्य शासन एतद्द्वारा उक्त अधिसूचना दिनांक 14 जुलाई 2009 में आंशिक संशोधन करते हुए सरल क्रमांक-2 पर अंकित "माननीय श्री जगन्नाथ सिंह, मंत्री, उपाध्यक्ष" के स्थान पर "माननीय श्री कुंवर विजय शाह, मंत्री, उपाध्यक्ष" स्थापित करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
संजुक्ता मुद्गल, अपर सचिव.

वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 8 मार्च 2010

क्र. एफ 13-3-10-अ-ग्यारह.—इंडियन बायलर्स एक्ट, 1923 की धारा-34 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन, सतपुड़ा ताप विद्युत् गृह क्रमांक 1 की इकाई क्रमांक 5 के वाष्पयंत्र क्रमांक एम.पी./3221 को निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा 6 (सी) के उपबन्धों के प्रवर्तन से दिनांक 21 जनवरी 2010 से 20 जुलाई 2010 तक, छः माह के लिए छूट देता है:—

1. संदर्भाधीन बायलर को पहुंचने वाली किसी भी हानि की सूचना भारतीय बायलर्स अधिनियम, 1923 की धारा 18(1) की अपेक्षानुसार तत्काल बायलर मुख्य निरीक्षक मध्यप्रदेश, इंदौर को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.
2. उपर्युक्त अधिनियम की धारा 02 तथा 13 की अपेक्षानुसार बायलर मुख्य निरीक्षक, मध्यप्रदेश के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बायलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.
3. संदर्भाधीन बायलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि यह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.
4. नियतकालिक सफाई और नियमित रूप से गैस निकलने (रेग्युलर ब्लोडाऊन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.

5. मध्यप्रदेश बायलर निरीक्षक नियम, 1969 के नियम 6 की अपेक्षानुसार संदर्भाधीन बायलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क अग्रिम दी जावेगी; एवं

6. यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापस ले सकता है.

क्र. एफ 13-4-10-अ-ग्यारह.—इंडियन बायलर्स एक्ट, 1923 की धारा-34 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन, अमरकंटक ताप विद्युत् गृह क्रमांक 2 की इकाई क्रमांक 3 के वाष्पयंत्र क्रमांक एम.पी./4264 को निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा 6 (सी) के उपबन्धों के प्रवर्तन से दिनांक 13 दिसम्बर 2009 से 12 मार्च 2010 तक, तीन माह के लिए छूट देता है:—

1. संदर्भाधीन बायलर को पहुंचने वाली किसी भी हानि की सूचना भारतीय बायलर्स अधिनियम, 1923 की धारा 18(1) की अपेक्षानुसार तत्काल बायलर मुख्य निरीक्षक, मध्यप्रदेश, इंदौर को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.

2. उपर्युक्त अधिनियम की धारा 02 तथा 13 की अपेक्षानुसार बायलर मुख्य निरीक्षक, मध्यप्रदेश के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बायलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.

3. संदर्भाधीन बायलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि यह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.

4. नियतकालिक सफाई और नियमित रूप से गैस निकलने (रेग्युलर ब्लोडाऊन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.

5. मध्यप्रदेश बायलर निरीक्षक नियम, 1969 के नियम 6 की अपेक्षानुसार संदर्भाधीन बायलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क अग्रिम दी जावेगी; एवं

6. यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापस ले सकता है.

क्र. एफ 13-5-10-अ-ग्यारह.—इंडियन बायलर्स एक्ट, 1923 की धारा-34 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन, सतपुड़ा ताप विद्युत् गृह क्रमांक 1 की इकाई क्रमांक 4 के वाष्पयंत्र क्रमांक एम.पी./3220 को निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा 6 (सी) के उपबन्धों के प्रवर्तन से दिनांक 28 नवम्बर 2009 से 27 मई 2010 तक, छः माह के लिए छूट देता है:—

1. संदर्भाधीन बायलर को पहुंचने वाली किसी भी हानि की सूचना भारतीय बायलर्स अधिनियम, 1923 की धारा 18(1) की अपेक्षानुसार तत्काल बायलर मुख्य निरीक्षक मध्यप्रदेश, इंदौर को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.

2. उपर्युक्त अधिनियम की धारा 02 तथा 13 की अपेक्षानुसार बायलर मुख्य निरीक्षक, मध्यप्रदेश के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बायलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.

3. संदर्भाधीन बायलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि यह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.

4. नियतकालिक सफाई और नियमित रूप से गैस निकलने (रेग्युलर ब्लोडाऊन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.

5. मध्यप्रदेश बायलर निरीक्षक नियम, 1969 के नियम 6 की अपेक्षानुसार संदर्भाधीन बायलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क अग्रिम दी जावेगी; एवं

6. यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापस ले सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
भरत कुमार व्यास, उपसचिव.

राजस्व विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 12 मार्च 2010

सूचना

क्र. एफ. 6-5-सात-शा-3-2009.—राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्ड के आधार पर राज्य सरकार, एतद्द्वारा, नीचे दी गई अनुसूची के स्तम्भ (3) में दर्शाई तहसीलों को सूखा प्रभावित मानती है और वृहद् प्रचार एवं सर्वधारण की जानकारी हेतु यह सचूना प्रकाशित की जाती है:—

अनुसूची

क्रमांक	जिला	प्रभावित तहसील
(1)	(2)	(3)
1	बैतूल	आठनेर
2	भोपाल	बैरसिया
3	छिन्दवाड़ा	छिन्दवाड़ा
4	धार	1. गंधवानी, 2. धार, 3. बदनावर, 4. सरदारपुर, 5. कुक्षी, 6. डही, 7. धरमपुरी.

(1)	(2)	(3)
5	होशंगाबाद	बाबई
6	खरगोन	1. झिरन्या, 2. बड़वाह, 3. कसरावद, 4. खरगोन, 5. गोगावां, 6. सेगांव, 7. भगवानपुरा, 8. भीकनगांव.
7	मन्दसौर	1. भानपुरा, 2. मल्हारगढ़, 3. मंदसौर, 4. दलोदा, 5. सीतामऊ, 6. सुवासरा, 7. गरोठ, 8. शामगढ़.
8	नीमच	1. जावद, 2. सिंगोली, 3. मनासा
9	सिवनी	1. कुरई, 2. केवलारी, 3. लखनादौन, 4. घनसौर.
10	उज्जैन	1. खाचरौद, 2. नागदा
	कुल	36 तहसीलें

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मदन मोहन उपाध्याय, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 12 मार्च 2010

क्र. एफ-6-5-सा-शा-3-2009.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्र. एफ-6-5-सात-शा-3-2009, दिनांक 12 मार्च, 2010 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मदन मोहन उपाध्याय, प्रमुख सचिव.

Bhopal, the 12th March 2010

NOTICE

No. F. 6-5-VII-S-3-2009.—On the basis of standard fixed by the State Government, the State Governmen hereby recognize the drought affected Tahsils shown in column in (3) of Schedule given below and this Notice is published for wide publicity and information to general public:—

SCHEDULE

No.	District	Affected tahsils
(1)	(2)	(3)
1	Betul	Aathner
2	Bhopal	Berasia
3	Chhindwara	Chhindwara
4	Dhar	1. Dhar, 2. Sardarpur, 3. Dharmpuri, 4. Gandhwani. 5. Badnawar, 6. Kukshi, 7. Dahi.
5	Hoshangabad	Babai
6	Khargone	1. Jhiranya, 2. Badwah, 3. Kasrawad, 4. Khargone, 5. Gogawan, 6. Segaon, 7. Bhagwanpura, 8. Bhikangaon.
7	Mandsour	1. Bhanpura, 2. Malhargarh, 3. Mandsour, 4. Daloda, 5. Sitamau, 6. Suwasra, 7. Garoth, 8. Shamgarh.
8	Neemuch	1. Jawad, 2. Singauli, 3. Manasa
9	Seoni	1. Kurai, 2. Keolari, 3. Lakhnadon, 4. Ghansaur.
10	Ujjain	1. Khachrod, 2. Nagda
	Total	36 Tahsils

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
M. M. UPADHYAY, Principal Secy.

श्रम विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 15 मार्च 2010

क्र. एफ. 27-1-2010-ए-सोलह.—कारखाना अधिनियम, 1948 (सन् 1948 का 63) की धारा 8 (1) में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के निम्नांकित सहायक संचालकों को सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के लिए "कारखाना निरीक्षक" नियुक्त करता है:—

1.	श्रीमती अमृता टैगोर	सहायक संचालक
2.	श्री राजेश यादव	सहायक संचालक
3.	श्रीमती माधुरी बरवा	सहायक संचालक
4.	श्री हिमांशु सालोमन	सहायक संचालक
5.	श्री नवीन कुमार बरवा	सहायक संचालक

No. F-27-1-2010-A-XVI.—In exercise of powers conferred by Sub-section 8 (1) of the Factories Act, 1948 (63 of 1948), State Government hereby appoint

following Assistant Directors of Industrial Health and Safety as "Factory Inspector" for the entire State of Madhya Pradesh.

1.	Smt. Amrata Tagore	Assistant Director
2.	Shri Rajesh Yadav	Assistant Director
3.	Smt. Madhuri Barva	Assistant Director
4.	Shri Himanshu Saloman	Assistant Director
5.	Shri Navin Kumar Barva	Assistant Director

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
खेमराज माहोर, अवर सचिव.

गृह विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 15 मार्च 2010

क्र. एफ. 1 (बी)-73-2004-बी-4-दो.—राज्य शासन मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा 2005 के माध्यम से संयुक्त प्रतिस्पर्धा परीक्षा के परिणाम के आधार पर मध्यप्रदेश राज्य पुलिस सेवा के लिए मुख्य सूची के विभिन्न कारणों से रिक्त पदों की पूर्ति अनुपूरक सूची के अभ्यर्थियों से किये जाने हेतु निम्नलिखित अभ्यर्थियों को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से 02 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर मध्यप्रदेश राज्य पुलिस सेवा संवर्ग में कनिष्ठ वेतनमान रुपये 8000—275—13500/- में उप पुलिस अधीक्षक के पद पर नियुक्त करता है. नवनियुक्त अधिकारीगण आदेश प्राप्ति के 15 दिवस की अवधि में जवाहरलाल नेहरू पुलिस अकादमी, सागर में प्रशिक्षण हेतु कार्यभार ग्रहण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा नियुक्ति निरस्त मानी जावेगी:—

सरल क्रमांक	लोक सेवा आयोग द्वारा अनुशंसित अनुपूरक सूची का क्रमांक	अभ्यर्थी का नाम एवं पता
(1)	(2)	(3)
1	01	कु. दीपाली जैन, हुलास सर्राफ जैन, रूपम गारमेन्ट्स, टीकमगढ़ (म. प्र.).
2	02	सुश्री पारूल बेलापुरकल, श्री अशोक बेलापुरकर, ए-47, पद्मनाथ नगर, सुभाष नगर रेल्वे क्रॉसिंग के पास, भोपाल (म. प्र.).
3	01	कु. संध्या राय, श्री अशोक कुमार राय, डिप्टीरेंजर वन विभाग, सरदारपुर जिला धार (म. प्र.).

(2) उपरोक्त परिवीक्षाधीन अधिकारियों को परिवीक्षा अवधि में "संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण" प्रशासन अकादमी, भोपाल में प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा. अन्यथा सेवाएं समाप्त की जा सकेंगी.

(3) नियुक्त अधिकारियों की परिवीक्षा अवधि, स्थाईकरण, वरिष्ठता, पदोन्नति आदि मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 एवं मध्यप्रदेश पुलिस कार्यपालिक (राजपत्रित) सेवा भर्ती तथा पदोन्नति नियम, 2000 से शासित होगी. सेवा संबंधी अन्य मुद्दे शासन के वर्तमान नियमों तथा भविष्य में बनाए जाने वाले नियमों/निर्देशों के अन्तर्गत निराकृत किये जायेंगे.

(4) नियुक्त अधिकारियों की सेवाएं किसी भी समय एक माह की सूचना अथवा उसके एवज में एक माह का वेतन तथा भत्ते देकर बिना कारण बताए समाप्त की जा सकती हैं. इसी प्रकार यदि वे अपने पद से त्याग-पत्र देकर शासकीय सेवा छोड़ना चाहें तो उन्हें भी एक माह का नोटिस देना आवश्यक होगा. एक माह पूर्व सूचना न देने की स्थिति में एक माह का वेतन व अन्य भत्ते जो वह उस समय प्राप्त कर रहे होंगे, नगद जमा करना होगा अन्यथा उक्त रकम राजस्व की बकाया की भांति उनसे वसूल की जावेगी.

(5) राज्य शासन के अधीन दिनांक 1-1-2005 अथवा इसके बाद नियुक्त होने वाले कर्मचारियों को परिभाषित अंशदान पेंशन योजना लागू होगी.

(6) नियुक्त अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी असत्य पायी जाने पर सेवायें बिना किसी सूचना के तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जावेगी. उनके द्वारा इस संबंध में प्रस्तुत कोई भी दावा मान्य नहीं होगा.

(7) परिवीक्षाधीन अधिकारियों को कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व एक "बाण्ड" शासन के पक्ष में निष्पादित करना होगा कि परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण न करने की दशा में अथवा प्रशिक्षण अवधि में सेवा छोड़ने पर उनकी परिवीक्षा अवधि में शासन द्वारा खर्च की गई राशि जिसमें वेतन भत्ते, यात्रा भत्ते एवं अन्य अग्रिम व्यय राशि शामिल होंगे, की वापसी के लिए उत्तरदायी रहेगा. "बाण्ड" का प्रारुप संलग्न है, जिसकी पूर्ति कर जवाहरलाल नेहरू पुलिस अकादमी सागर में कार्यभार ग्रहण करने वाले अधिकारी को अपनी उपस्थिति के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा.

(8) नव नियुक्त अधिकारी पूर्व में शासकीय, अर्द्धशासकीय सेवा में सेवारत है, तो उन्हें अपने नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण-पत्र अजांच एवं अमांग प्रमाण-पत्र शासन को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा उन्हें कार्यभार ग्रहण नहीं कराया जावे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
राजन कटोच, प्रमुख सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 10/15 मार्च 2010

फा. क्र. 17 (ई) 43-2009-इक्कीस-ब-(एक).—ग्राम न्यायालय अधिनियम, 2008 (2009 का 4) की धारा 3 की उपधारा (1) और उपधारा (2) तथा धारा 4 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए तथा इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 17 (ई) 43-2009-इक्कीस-ब-(एक), दिनांक 30 सितम्बर 2009 को, जो मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) में उसी दिनांक को प्रकाशित की गई थी, आंशिक अतिष्ठित करते हुए, जहां तक कि उसका संबंध उस अधिसूचना द्वारा स्थापित ग्राम न्यायालयों के क्षेत्राधिकार से है, राज्य शासन, मध्यप्रदेश के उच्च न्यायालय के परामर्श के पश्चात् एतद्द्वारा नीचे दी गई सारणी के कालम (3) में विनिर्दिष्ट मध्यवर्ती स्तर की पंचायतों के लिये ग्राम न्यायालय स्थापित करता है जो कालम (2) में विनिर्दिष्ट सिविल जिले के भीतर है तथा ग्राम न्यायालय के क्षेत्राधिकार के क्षेत्र की सीमाएं कालम (5) में विनिर्दिष्ट सीमा तक होंगी और ग्राम न्यायालय का मुख्यालय उसके (सारणी) कालम (4) में विनिर्दिष्ट स्थान पर होगा.

(2) यह अधिसूचना न्यायाधिकारी के कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से प्रवृत्त होगी.

सारणी

अनु क्रमांक	सिविल जिले का नाम	मध्यवर्ती स्तर की पंचायत के लिए ग्राम न्यायालय का नाम	ग्राम न्यायालय के मुख्यालय का नाम	क्षेत्र की स्थानीय सीमाएं जिनका क्षेत्राधिकार ग्राम न्यायालय की सीमा तक होगा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	अलीराजपुर	अलीराजपुर	अलीराजपुर	राजस्व तहसील अलीराजपुर की क्षेत्रीय अधिकारिता के अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
2	अनूपपुर	अनूपपुर	अनूपपुर	राजस्व तहसील अनूपपुर के क्षेत्रीय अधिकारिता के अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
3	अशोकनगर	अशोकनगर	अशोकनगर	राजस्व तहसील अशोकनगर के क्षेत्रीय अधिकारिता के अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
4	बालाघाट	बालाघाट	बालाघाट	राजस्व तहसील बालाघाट के क्षेत्रीय अधिकारिता के अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
5	बड़वानी	बड़वानी	बड़वानी	राजस्व तहसील बड़वानी के क्षेत्रीय अधिकारिता के अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
6	बैतूल	बैतूल	बैतूल	राजस्व तहसील बैतूल के क्षेत्रीय अधिकारिता के अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
7	भिण्ड	भिण्ड	भिण्ड	राजस्व तहसील भिण्ड के क्षेत्रीय अधिकारिता के अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
8	भोपाल	भोपाल	भोपाल	राजस्व तहसील भोपाल के क्षेत्रीय अधिकारिता के अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
9	बुरहानपुर	बुरहानपुर	बुरहानपुर	राजस्व तहसील बुरहानपुर के क्षेत्रीय अधिकारिता के अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
10	छतरपुर	छतरपुर	छतरपुर	राजस्व तहसील छतरपुर के क्षेत्रीय अधिकारिता के अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
11	छिन्दवाड़ा	छन्दवाड़ा	छिन्दवाड़ा	राजस्व तहसील छिन्दवाड़ा के क्षेत्रीय अधिकारिता के अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
12	दमोह	दमोह	दमोह	राजस्व तहसील दमोह के क्षेत्रीय अधिकारिता के अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
13	दतिया	दतिया	दतिया	राजस्व तहसील दतिया के क्षेत्रीय अधिकारिता के अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
14	देवास	देवास	देवास	राजस्व तहसील देवास के क्षेत्रीय अधिकारिता के अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
15	धार	धार	धार	राजस्व तहसील धार के क्षेत्रीय अधिकारिता के अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
16	डिंडौरी	डिंडौरी	डिंडौरी	राजस्व तहसील डिंडौरी के क्षेत्रीय अधिकारिता के अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
17	पूर्व निमाड़ खण्डवा.	खण्डवा	खण्डवा	राजस्व तहसील खण्डवा के क्षेत्रीय अधिकारिता के अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
18	गुना	गुना	गुना	राजस्व तहसील गुना के क्षेत्रीय अधिकारिता के अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
19	ग्वालियर	ग्वालियर	ग्वालियर	राजस्व तहसील ग्वालियर के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
20	हरदा	हरदा	हरदा	राजस्व तहसील हरदा के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
21	होशंगाबाद	होशंगाबाद	होशंगाबाद	राजस्व तहसील होशंगाबाद के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
22	इन्दौर	इन्दौर	इन्दौर	राजस्व तहसील इन्दौर के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
23	जबलपुर	जबलपुर	जबलपुर	राजस्व तहसील जबलपुर के स्थानीय क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
24	झाबुआ	झाबुआ	झाबुआ	राजस्व तहसील झाबुआ के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
25	कटनी	कटनी	कटनी	राजस्व तहसील कटनी के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
26	मण्डला	मण्डला	मण्डला	राजस्व तहसील मण्डला के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
27	मन्दसौर	मन्दसौर	मन्दसौर	राजस्व तहसील मन्दसौर के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
28	मुरैना	मुरैना	मुरैना	राजस्व तहसील मुरैना के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
29	नरसिंहपुर	नरसिंहपुर	नरसिंहपुर	राजस्व तहसील नरसिंहपुर के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
30	नीमच	नीमच	नीमच	राजस्व तहसील नीमच के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
31	पन्ना	पन्ना	पन्ना	राजस्व तहसील पन्ना के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
32	रायसेन	रायसेन	रायसेन	राजस्व तहसील रायसेन के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
33	राजगढ़	राजगढ़	राजगढ़	राजस्व तहसील राजगढ़ के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
34	रतलाम	रतलाम	रतलाम	राजस्व तहसील रतलाम के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
35	रीवा	रीवा	रीवा	राजस्व तहसील रीवा के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
36	सागर	सागर	सागर	राजस्व तहसील सागर के स्थानीय क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
37	सतना	सतना	सतना	राजस्व तहसील सतना के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
38	सीहोर	सीहोर	सीहोर	राजस्व तहसील सीहोर के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
39	सिवनी	सिवनी	सिवनी	राजस्व तहसील सिवनी के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
40	शहडोल	शहडोल	शहडोल	राजस्व तहसील शहडोल के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
41	शाजापुर	शाजापुर	शाजापुर	राजस्व तहसील शाजापुर के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
42	श्योपुर	श्योपुर	श्योपुर	राजस्व तहसील श्योपुर के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
43	शिवपुरी	शिवपुरी	शिवपुरी	राजस्व तहसील शिवपुरी के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
44	सीधी	सीधी	सीधी	राजस्व तहसील सीधी के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
45	टीकमगढ़	टीकमगढ़	टीकमगढ़	राजस्व तहसील टीकमगढ़ के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
46	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन	राजस्व तहसील उज्जैन के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
47	उमरिया	उमरिया	उमरिया	राजस्व तहसील उमरिया के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
48	विदिशा	विदिशा	विदिशा	राजस्व तहसील विदिशा के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.
49	पश्चिम निमाड़ मण्डलेश्वर.	खरगोन	खरगोन	राजस्व तहसील खरगोन के क्षेत्रीय अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाली जनपद पंचायत/जनपद पंचायतें.

नोट.—उपरोक्त सारिणी के कालम 5 के प्रत्येक खण्ड में दर्शाई ग्राम न्यायालय की क्षेत्रीय अधिकारिता नगर निगम/नगरपालिका/नगर पंचायत की सीमा के भीतर आने वाली स्थानीय अधिकारिता को छोड़कर होगा.

F. No. 17(E) 43-2009-XXI-B (1).—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) and sub-section (2) of Section 3 and 4 of the Gram Nyayalayas Act, 2008 (No. 4 of 2009), and in partial supersession of this Department's notification No. 17(E) 43-2009-XXI-B(1), dated 30th September, 2009 which was published in the Madhya Pradesh Gazette (Extra-Ordinary) on the same date, as far as it relates to the jurisdiction of the Gram Nyayalayas established by that notification, the State Government, after consultation with the High Court of Madhya Pradesh, hereby establish Gram Nyayalayas for Panchayat at Intermediate Level specified in Column (3) of the table below within the Civil Districts specified in Column (2) and the limits of the area to which the jurisdiction of the Gram Nyayalaya shall extend is specified in column (5) and the Headquarter of the Gram Nyayalaya shall be at place specified in column (4) thereof.

2. This notification shall come into force with effect from joining of duties by Nyayadhikari.

TABLE

S. No.	Name of Civil District	Name of Gram Nyayalayas for Panchayat at Intermediate Level	Name of Headquarter of Gram Nyayalaya	Local Limits of the area to which the jurisdiction of Gram Nyayalaya extends
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	Alirajpur	Alirajpur	Alirajpur	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Alirajpur.
2	Anuppur	Anuppur	Anuppur	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Anuppur.
3	Ashoknagar	Ashoknagar	Ashoknagar	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Ashoknagar.
4	Balaghat	Balaghat	Balaghat	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Balaghat.
5	Barwani	Barwani	Barwani	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Barwani.
6	Betul	Betul	Betul	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Betul.
7	Bhind	Bhind	Bhind	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Bhind.
8	Bhopal	Bhopal	Bhopal	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Bhopal.
9	Burhanpur	Burhanpur	Burhanpur	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Burhanpur.
10	Chhatarpur	Chhatarpur	Chhatarpur	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Chhatarpur.
11	Chhindwara	Chhindwara	Chhindwara	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Chhindwara.
12	Damoh	Damoh	Damoh	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Damoh.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
13	Datia	Datia	Datia	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Datia.
14	Dewas	Dewas	Dewas	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Dewas.
15	Dhar	Dhar	Dhar	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Dhar.
16	Dindori	Dindori	Dindori	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Dindori.
17	E.N. Khandwa	Khandwa	Khandwa	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Khandwa.
18	Guna	Guna	Guna	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Guna.
19	Gwalior	Gwalior	Gwalior	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Gwalior.
20	Harda	Harda	Harda	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Harda.
21	Hoshangabad	Hoshangabad	Hoshangabad	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Hoshangabad.
22	Indore	Indore	Indore	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Indore.
23	Jabalpur	Jabalpur	Jabalpur	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Jabalpur.
24	Jhabua	Jhabua	Jhabua	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Jhabua.
25	Katni	Katni	Katni	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Katni.
26	Mandla	Mandla	Mandla	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Mandla.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
27	Mandsaur	Mandsaur	Mandsaur	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Mandsaur.
28	Morena	Morena	Morena	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Morena.
29	Narsinghpur	Narsinghpur	Narsinghpur	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Narsinghpur.
30	Neemuch	Neemuch	Neemuch	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Neemuch.
31	Panna	Panna	Panna	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Panna
32	Raisen	Raisen	Raisen	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Raisen.
33	Rajgarh	Rajgarh	Rajgarh	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Rajgarh.
34	Ratlam	Ratlam	Ratlam	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Ratlam.
35	Rewa	Rewa	Rewa	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Rewa.
36	Sagar	Sagar	Sagar	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Sagar.
37	Satna	Satna	Satna	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Satna.
38	Sehore	Sehore	Sehore	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Sehore.
39	Seoni	Seoni	Seoni	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Seoni.
40	Shahdol	Shahdol	Shahdol	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Shahdol.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
41	Shajapur	Shajapur	Shajapur	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Shajapur.
42	Sheopur	Sheopur	Sheopur	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Sheopur.
43	Shivpuri	Shivpuri	Shivpuri	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Shivpuri.
44	Sidhi	Sidhi	Sidhi	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Sidhi.
45	Tikamgarh	Tikamgarh	Tikamgarh	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Tikamgarh.
46	Ujjain	Ujjain	Ujjain	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Ujjain.
47	Umaria	Umaria	Umaria	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Umaria.
48	Vidisha	Vidisha	Vidisha	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Vidisha.
49	W.N. Mandleshwar	Khargone	Khargone	Janpad Panchayat/Janpad Panchayats falling within the territorial Jurisdiction of Revenue Tehsil Khargone.

Note.—the territorial Jurisdiction of Each Gram Nyayalaya as shown in the each segment of column 5 of above table shall exclude local Jurisdiction falling wihin the limit of Nagar Nigam/Nagar Palika/Nagar Panchayat.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

एन. के. गुप्ता, प्रमुख सचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग

"निर्वाचन भवन"

58, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश—462 011

भोपाल, दिनांक 9 मार्च 2010

आदेश

क्र. एफ. 67-4-09-तीन-1321.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अधिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के

लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2008 (उत्तरार्द्ध) में सम्पन्न हुए नगरपालिका, परिषद् सीधी जिला सीधी के आम निर्वाचन में सुश्री जितउआ देवी कोल, अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. नगरपालिका परिषद् सीधी के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 8 जनवरी 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 7 फरवरी 2009 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, सीधी के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, सीधी के पत्र क्रमांक 72-स्था. निर्वा.-2009, दिनांक 5 मार्च, 2009 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार सुश्री जितउआ कोल, द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर सुश्री जितउआ कोल को कारण बताओ सूचना-पत्र क्र. एफ 67-4-2009-तीन-274, दिनांक 30 अप्रैल, 2009 जारी कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, सीधी के माध्यम से दिनांक 15 जून, 2009 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

सुश्री जितउआ कोल को नोटिस दिनांक 15 जून, 2009 को तामील कराया गया. अत: उनको दिनांक 30 जून, 2009 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. अभ्यर्थी द्वारा नोटिस तामीली उपरांत दिनांक 17 जून, 2009 को एक अभ्यावेदन आयोग में प्रस्तुत किया. जिसमें उन्होंने लेख किया कि '' . . . . श्रीमान मैं जितउआदेवी कोल अपना व्यय लेखा व्यय का खर्च पूर्ण रूप से सही दिया था अपना व्यय लेखा स्थानीय निर्वाचन कार्यलय में समय पर प्रस्तुत किया था. . . . . .स्थानीय निर्वाचन के बाबू की लापरवाही के कारण हमारी व्यय पुस्तिका वापस नहीं की गई थी कभी कहते थे जिला पंचायत में जाओ, पंचायत से कहते थे कि स्थानीय निर्वाचन कार्यालय में जाओ. जब व्यय पुस्तिका हमें लेट मिली इसलिये हमने अपना व्यय लेखा 20 फरवरी 2009 को प्रस्तुत किया था.'' कलेक्टर, सीधी ने अपने पत्र दिनांक 28 जुलाई, 2009 के द्वारा सुश्री जितउआ कोल द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन पर अभिमत दिया कि ''सुश्री जितउआ कोल द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत किये जाने में अक्षम रहने के कारण अपने अभ्यावेदन में मनगढंत झूठे तथ्यों का सहारा लिया गया है जो विश्वसनीय एवं स्वीकार किये जाने योग्य नहीं है.'' आयोग द्वारा दिनांक 5 दिसम्बर 2009 को श्रीमती जितउआ देवी कोल को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर आयोग कार्यालय में दिनांक 9 दिसम्बर 2009 को उपस्थित होने हेतु पत्र लिखा गया. किन्तु श्रीमती जितआ देवी कोल उपस्थित नहीं हुई. पुन: आयोग द्वारा अभ्यर्थी श्रीमती जितउआ देवी कोल को दिनांक 31 दिसम्बर, 2009 को सूचना-पत्र जारी कर कलेक्टर, सीधी के माध्यम से तामीली कराए जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया, जिसमें अभ्यर्थी को समस्त अभिलेख सहित दिनांक 8 जनवरी 2010 को राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष उपस्थित होना था. कलेक्टर सीधी ने पत्र दिनांक 8 जनवरी 2010 से अवगत कराया कि अभ्यर्थी श्रीमती जितउआ देवी कोल द्वारा सूचना-पत्र लेने से इंकार कर दिया गया. उक्त दिनांक को अभ्यर्थी आयोग कार्यालय में भी उपस्थित नहीं हुई.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि सुश्री जितउआ कोल द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अत: आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत: मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत सुश्री जितउआ कोल को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा नगरपालिका परिषद्, सीधी जिला सीधी का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश के तारीख से 03 वर्ष (तीन वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(अनुपम राजन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

राज्य शासन के आदेश

गृह (सामान्य) विभाग

(विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ)

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 24 फरवरी 2010

विभागीय परीक्षा की सूचना तथा कार्यक्रम

क्र. एफ. 3-1-2010-दो-ए(3).—मध्यप्रदेश के सभी अधिकारी जिनकी विभागीय परीक्षा उनके विभाग द्वारा निर्धारित की गई हो, के लिए विभागीय परीक्षाएं दिनांक 5 अप्रैल 2010 से आयुक्त, जबलपुर, रीवा, भोपाल, सागर, ग्वालियर, उज्जैन, इन्दौर, होशंगाबाद एवं शहडोल द्वारा निर्धारित स्थानों एवं लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी (उत्तराखण्ड) में निम्नांकित कार्यक्रम के अनुसार होंगी :—

प्र. पत्र (1)	प्रश्नपत्र का विषय (2)	समय (3)
	सोमवार, दिनांक 5 अप्रैल 2010	
1.	पहला प्रश्नपत्र-दांडिक विधि तथा प्रक्रिया (पुस्तकों सहित) पुलिस, सामान्य प्रशासन, राजस्व व भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये.	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
2.	पंजीयन विधि तथा प्रक्रिया-पंजीयन विभाग के अधिकारियों के लिये (केवल अधिनियम तथा नियमों की पुस्तकों सहित).	—''—
3.	विधि तथा प्रक्रिया-उत्पाद शुल्क विभाग के अधिकारियों के लिये (पुस्तकों सहित)	—''—
4.	विधि तथा प्रक्रिया-वाणिज्यिककर विभाग के अधिकारियों के लिये (केवल नियमों की पुस्तकों सहित).	—''—
5.	पहला प्रश्नपत्र-सहकारिता सामान्य (बिना पुस्तकों के) सहकारी संस्थाओं के सहायक पंजीयकों के लिये.	—''—
59.	विद्युत् संबंधी विधियाँ-ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के लिये.	—''—
6.	दूसरा प्रश्नपत्र-दांडिक विधि तथा प्रक्रिया दांडिक मामलों में आदेश/निर्णय का लिखा जाना पुलिस, सामान्य प्रशासन, भू-अभिलेख एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के लिये.	दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक.
7.	दूसरा प्रश्नपत्र-सहकारिता तथा सामान्य विधि (पुस्तकों सहित) सहकारी संस्थाओं के सहायक पंजीयकों के लिये.	—''—
8.	समाज कल्याण (बिना पुस्तकों के) पंचायत एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों के लिये.	—''—
60.	भू-योजना तथा विद्युत् सुरक्षा-ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्री, कनिष्ठ यंत्री एवं पर्यवेक्षकों के लिये.	—''—
	मंगलवार, दिनांक 6 अप्रैल 2010	
9.	पहला प्रश्नपत्र-प्रशासनिक, राजस्व, विधि तथा प्रक्रिया (बिना पुस्तकों के) भाग-ए, आदिमजाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये.	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
10.	पहला प्रश्नपत्र-प्रशासनिक राजस्व, विधि तथा प्रक्रिया (बिना पुस्तकों के) सामान्य प्रशासन राजस्व, भू-अभिलेख एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये भाग-बी.	—''—

(1)	(2)	(3)
11.	पहला प्रश्नपत्र-प्रशासनिक, राजस्व, विधि तथा प्रक्रिया (बिना पुस्तकों के) सामान्य प्रशासन, राजस्व, भू-अभिलेख एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये-भाग-सी.	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
12.	उद्योग विभाग संबंधी अधिनियम तथा नियम-उद्योग विभाग के अधिकारियों के लिये. (पुस्तकों सहित).	—''—
13.	प्रश्नपत्र-खनिज प्रबंध (पुस्तकों सहित) खनिज साधन विभाग के अधिकारियों के लिये.	—''—
14.	लेखा तथा कार्यालयीन प्रक्रिया-प्रथम प्रश्नपत्र-पंजीयन विभाग के अधिकारियों के लिये (बिना पुस्तकों के).	—''—
61.	विद्युत् संस्थापनाएं-ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्री, कनिष्ठ यंत्री एवं पर्यवेक्षकों के लिये	—''—
15.	दूसरा प्रश्नपत्र-प्रशासनिक, राजस्व, विधि तथा प्रक्रिया (पुस्तकों सहित) सामान्य प्रशासन, राजस्व, भू-अभिलेख एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये.	दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक.
16.	प्रक्रिया, विकास योजनाओं, राज्यों के साधनों, राज्य के नियम पुस्तिकाओं आदि का ज्ञान-उद्योग विभाग के अधिकारियों के लिये. (पुस्तकों सहित).	—''—
17.	तीसरा प्रश्नपत्र-बैंकिंग (बिना पुस्तकों के) सहकारी संस्थाओं के सहायक पंजीयकों के लिये.	—''—
18.	समाज शिक्षा (बिना पुस्तकों के) पंचायत एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों के लिये.	—''—
19.	लेखा तथा कार्यालयीन प्रक्रिया-द्वितीय प्रश्नपत्र पंजीयन विभाग के अधिकारियों के लिये (पुस्तकों सहित).	—''—
62.	लेखा व स्थापना-ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्री, कनिष्ठ यंत्री एवं पर्यवेक्षकों के लिये.	—''—
	बुधवार, दिनांक 7 अप्रैल 2010	
20.	तीसरा प्रश्नपत्र-प्रशासनिक, राजस्व, विधि तथा प्रक्रिया-राजस्व के मामले में आदेश का लिखा जाना सामान्य प्रशासन, राजस्व भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये.	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
21.	पुस्तपालन तथा कर निर्धारण-विक्रयकर विभाग के अधिकारियों के लिये. (पुस्तकों सहित).	—''—
22.	प्रश्नपत्र-प्रथम वन विधि (बिना पुस्तकों के) सहायक वन संरक्षकों के लिये.	—''—
23.	पहला प्रश्नपत्र-प्रक्रिया (बिना पुस्तकों के) वन क्षेत्रपालों के लिये.	—''—
24.	पुलिस अधिकारियों की ''व्यवहारिक परीक्षा''.	—''—
63.	स्विच गेयर तथा संरक्षण, ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्रियों के लिये	—''—

(1)	(2)	(3)
25.	कार्यालयीन संगठन तथा प्रक्रिया-वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों के लिये.	दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक.
26.	सिविल विधि तथा प्रक्रिया (पुस्तकों सहित) राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये.	—''—
27.	पुलिस अधिकारियों की ''पुलिस शाखा'' प्रश्नपत्र (बिना पुस्तकों के).	—''—
28.	दूसरा प्रश्नपत्र-सामान्य विधि (पुस्तकों सहित) सहायक वन संरक्षकों के लिये.	—''—
29.	तीसरा प्रश्नपत्र-सामान्य विधि (पुस्तकों सहित) वन क्षेत्रपालों के लिये.	—''—
30.	स्थानीय शासन अधिनियम तथा नियम (बिना पुस्तकों के) पंचायत एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों के लिये.	—''—
31.	चौथा प्रश्नपत्र-सहकारी लेखा तथा परीक्षण (बिना पुस्तकों के) भाग-1, लेखा, तथा भाग-2 सहकारिता लेखा परीक्षण, सहकारी संस्थाओं के सहायक पंजीयकों के लिये.	—''—
32.	समाज शास्त्र (पुस्तकों सहित) आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये.	—''—
64.	विद्युत् रोधन समन्वय तथा परिसंकट ग्रस्त क्षेत्र (इंसूलेशन को-आर्डिनेशन व हजार्ड्स एरिया) ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्री (वि./सु.) के लिये.	—''—
	गुरुवार, दिनांक 8 अप्रैल 2010	
33.	प्रश्न प्रश्न-पत्र लेखा (बिना पुस्तकों के) सहायक कलेक्टरों, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों तथा राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये.	प्रात: 10 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
34.	प्रथम प्रश्नपत्र-लेखा (बिना पुस्तकों के) आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये.	—''—
35.	प्रथम प्रश्नपत्र-लेखा (बिना पुस्तकों के) पंचायत एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों के लिये.	—''—
36.	प्रश्नपत्र न्यायिक शाखा (बिना पुस्तकों के) पुलिस विभाग अधिकारियों के लिये.	—''—
37.	लेखा (पुस्तकों सहित) उत्पाद शुल्क विभाग के अधिकारियों के लिये.	—''—
38.	लेखा (पुस्तकों सहित) आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के अधिकारियों के लिये.	—''—
39.	लेखा (पुस्तकों सहित) उद्योग विभाग के अधिकारियों के लिये.	—''—
40.	लेखा (पुस्तकों सहित) खनिज साधन विभाग के अधिकारियों के लिये.	—''—
41.	लेखा (पुस्तकों सहित) जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों के लिये.	—''—

(1)	(2)	(3)
42.	द्वितीय प्रश्नपत्र-लेखा (पुस्तकों सहित) डिप्टी कलेक्टरों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों तथा राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये.	दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक.
43.	द्वितीय प्रश्नपत्र-लेखा (पुस्तकों सहित) आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये.	—''—
44.	द्वितीय प्रश्नपत्र-लेखा (पुस्तकों सहित) पंचायत एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों के लिये.	—''—

शुक्रवार, दिनांक 9 अप्रैल 2010

45.	सिविल पशु चिकित्सा सेवा विभाग के अधिकारियों के लिये लेखा प्रश्नपत्र भाग-1 (बिना पुस्तकों के) पशु चिकित्सा सेवा विभाग के अधिकारियों के लिये.	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 11.00 बजे तक.
46.	प्रथम प्रश्नपत्र-लेखा के भाग-1 मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों के लिये (बिना पुस्तकों के).	—''—
47.	प्रश्नपत्र-लेखा (पुस्तकों सहित) कृषि सेवा कार्यपालन प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी अधिकारियों के लिये.	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
48.	प्रथम प्रश्नपत्र-विधि तथा प्रक्रिया (बिना पुस्तकों के) डेयरी विकास विभाग के अधिकारियों के लिये.	—''—
49.	प्रश्नपत्र-द्वितीय मध्यप्रदेश मूलभूत तथ्य और ग्रामीण विकास जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों के लिये. (पुस्तकों सहित).	—''—
50.	द्वितीय प्रश्नपत्र-लेखा (बिना पुस्तकों के) वन क्षेत्रपालों के लिये.	—''—
65.	पंचायत राज्य प्रशासन विधि तथा प्रक्रिया सामान्य प्रशासन, राजस्व, भू-अभिलेख, पंचायत एवं ग्रामीण विकास व अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये.	—''—
51.	सिविल पशु चिकित्सा सेवा विभाग के अधिकारियों के लिये प्रश्न पत्र लेखा भाग-2 (पुस्तकों सहित) पशु चिकित्सा सेवा विभाग के अधिकारियों के लिये.	दोपहर 2.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक.
52.	प्रश्नपत्र लेखा भाग-2 मत्स्यपालन विभाग के अधिकारियों के लिये.	—''—
53.	सहकारी संस्थाओं के सहायक पंजीयकों के लिये किसी मामलों में आदेश या प्रतिवेदन लिखने की व्यवहारिक परीक्षा (पुस्तकों सहित).	दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक.
54.	तृतीय प्रश्नपत्र-प्रक्रिया तथा लेखा (पुस्तकों सहित) सहायक वन संरक्षकों के लिये.	—''—
55.	द्वितीय प्रश्नपत्र-लेखा (बिना पुस्तकों के) कृषि सेवा कार्यपालन प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय श्रेणी के अधिकारियों के लिये.	—''—

(1)	(2)	(3)
56.	द्वितीय प्रश्नपत्र-लेखा तथा प्रक्रिया (पुस्तकों सहित) डेयरी विकास विभाग के अधिकारियों के लिये.	दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक.
57.	प्रश्नपत्र-तृतीय अनुसूचित जाति तथा आदिम जाति विकास-जनसम्पर्क विभाग के अधिकारियों के लिये. (पुस्तकों सहित)	—''—

सोमवार, दिनांक 12 अप्रैल 2010

58.	हिन्दी निबंध तथा हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद सभी विभागों के अधिकारियों के लिये.	दोपहर 10.00 बजे से 12.00 बजे तक.

नोट:—(1) सहायक कलेक्टरों, डिप्टी कलेक्टरों, राज्य के अधीनस्थ सिविल सेवाओं के सदस्यों, भू-अभिलेख कर्मचारियों तथा कलेक्टरों और संभागीय आयुक्तों के कार्यालय के अधीक्षकों को सूचित किया जावे कि परीक्षा गृह विभाग द्वारा नये संशोधन नियमों के अन्तर्गत प्रसारित अधिसूचना क्रमांक एफ. 3-54-98-दो-ए(3), दिनांक 19 मार्च 1999 एवं एफ. 3-102-90-दो-ए(3), दिनांक 8 मई 1991 के पाठ्यक्रम के अनुसार होगी. नये नियमों के अन्तर्गत पंचायत राज प्रशासन विधि तथा प्रक्रिया से संबंधित प्रश्नपत्र भी अनिवार्य रूप से रखा गया है.

(2) उम्मीदवारों को सूचित किया जावे कि जिन प्रश्नपत्रों में पुस्तकों की सहायता ली जाना है, उन्हें विभागीय परीक्षा के लिये कलेक्टर कार्यालय से पुस्तकें नहीं दी जावेंगी, उन्हें अपनी स्वयं की पुस्तकें ले जाना होंगी.

(3) सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को जो परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक हों, अपने नाम उचित मार्ग द्वारा सीधे अपने विभागाध्यक्षों को भेजना चाहिए. परीक्षार्थी राजपत्रित/अराजपत्रित हैं, का स्पष्ट उल्लेख आवेदन-पत्र में भरें.

